केन्द्रीय विद्यालय संगठन, आगरा संभाग।
सत्रांत परीक्षा नमूना प्रश्नपत्र-2 (2021-22)

कक्षा : चतुर्थ **विषय : हिन्दी** **समय : 1घंटा**

दक्षताएं	पठन (5)	व्याकरण (10)	वर्तनी (5)	शब्द भंडार (5)	गद्य व पद्य (5)	रचनात्मक लेखन (5)	सुलेख (5)	योग (40)
प्राप्तांक								

सामान्य निर्देश:

1. इस प्रश्न पत्र में सात खंड हैं।
2. अति लघु प्रश्न 1 अंक, लघु प्रश्न 2 अंक, दीर्घ प्रश्न 5 अंक के हैं।
3. सभी प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है।
4. स्वच्छता एवं स्पष्टता पर ध्यान दें।

प्रथम खंड - (पठन) अपठित गद्यांश (1x5 =5)

निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक समझकर पढ़िए और उसके आधार पर नीचे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

समय कभी किसी के लिए नहीं ठहरता। इस संसार में सबसे मूल्यवान है- समय । धन को तो परिश्रम करके पुन: कमाया जा सकता है। किंतु बीता समय कभी लौटकर नहीं आता। इतिहास साक्षी है जिसने भी समय का सदुपयोग किया, उसे जीवन में सफलता प्राप्त हुई। विद्यार्थी काल में तो समय का और भी अधिक महत्त्व है। उसके लिए समय स्वर्ण से भी

अधिक महत्वपूर्ण होता है। मनोरंजन के नाम पर समय को नष्ट करना स्वयं को धोखा देना है। धन के द्वारा समय नहीं कमाया जा सकता।

प्रश्न-1 इस संसार में सबसे अधिक मूल्यवान किसे बताया गया है ?

(क) समय को (ख) धन को (ग) विद्यार्थी को (घ) स्वर्ण को

प्रश्न-2 परिश्रम से किसे पुनः कमाया जा सकता है ?

(क) धन को (ख) कपड़े को (ग) मकान को (घ) समय को

प्रश्न-3 विद्यार्थी का समय किस से अधिक महत्त्वपूर्ण है ?

(क) स्वर्ण से (ख) नाम से (ग) मनोरंजन से (घ) धन से

प्रश्न-4 जिसने समय का सदुपयोग किया, उसे जीवन में क्या प्राप्त हुआ?

(क) सफलता (ख) असफलता (ग) पुरस्कार (घ) महत्व

प्रश्न-5 मनोरंजन से हमारा क्या नष्ट होता है ?

(क) धन (ख) समय (ग) स्वास्थ्य (घ) मेहनत

द्वितीय खंड - व्याकरण (1×10=10)

सही विकल्प चुनिए -

1-निम्न शब्दों में सर्वनाम शब्द कौन सा है-

(क) राम (ख) लाल (ग) शहर (घ) अपना

2-'तितली' शब्द का बहुवचन बताइए-

(क) तितलि (ख)तितलों (ग)तितलियां (घ) तितलियाँ

3-निम्न शब्दों में संयुक्ताक्षर शब्द कौन-सा है-

(क) अच्छा (ख) गुजरात (ग) हुदहुद (घ) नारियल

4- “दुबकना” शब्द का उचित अर्थ बताइए-

(क) छापना (ख) छिपना (ग) छिनना (घ) झटकना

5- “पानी” शब्द का पर्यायवाची कौन-सा है-

(क) जलज (ख) नीर (ग) मेघ (ग) घन

6- अनुस्वार शब्द बताइए-

(क) स्वतंत्रता (ख) पूर्ति (ग) किसान (घ) बिल्कुल

7-निम्न वाक्य किस काल का है बताइए -

मेरी परीक्षा मार्च में होगी |

(क) भविष्यत काल (ख) वर्तमान काल (ग) भूतकाल (घ) सामान्य वर्तमान काल

8-निम्न शब्दों में से अनुनासिक शब्द बताइए-

(क) अँगड़ाई (ख) मक्खन (ग) जरूरत (घ) अन्याय

9-“लेखक” शब्द का लिंग बदलो -

(क) लेखन (ख) लेखिका (ग) कवि (घ) कविवर

10- निम्नलिखित शब्दों में से “संज्ञा” शब्द बताइए-

(क) जाऊँगा (ख) जल्दी (ग) गांधीजी (घ) कौन

तृतीय खंड - वर्तनी (1×5=5)

1-शब्द पूरा करो-

सम___या

(क) पा (ख) ला (ग) डा (घ) झा

2-सही शब्द बताइए-

(क) ववहार (ख) व्यवहार (ग) वयाहार (घ) वावहार

3-सही क्रम में वर्ण लगाकर शब्द बनाइए-

स्का र पु र

(क) प्रस्थान (ख) पुरस्कार (ग) प्रातः काल (घ) परस्पर

4- नुक्ता वाला शब्द बताइए-

(क) गुजरात (ख) बाज़ार (ग) पहिया कुर्सी (घ) तराजू

5- ऋ की मात्रा से बनने वाला शब्द बताइए-

(क) ग्रहण (ख) गृहकार्य (ग) प्रश्न पत्र (घ) इकट्ठा

चतुर्थ खंड - शब्द भंडार (1×5=5)

सही विकल्प बताइए-

प्रश्न-1 "सूझ" शब्द का समानार्थी शब्द है

(क) ईमानदारी (ख) आज्ञाकारी (ग) समझदारी (घ) प्रभावशाली

प्रश्न-2 "पसंद" शब्द, का विलोम शब्द है

(क) अच्छा (ख) अपसंद (ग) बहुत पसंद (घ) नापसंद

प्रश्न-3 उस स्थान को क्या कहते हैं जहाँ रेलगाड़ी रूकती है-

(क) हवाई पट्टी (ख) बसउड्डा (ग) समुद्र तट (घ) स्टेशन

प्रश्न-4 "कीमती सामान" शब्द में से विशेषण शब्द बताइए-

(क)समान (ख) कीमती (ग) सामाना (घ) सम्मान

प्रश्न-5 "पन्ने" का तुकान्त शब्द होगा-

(क) छन्ने (ख) नन्हा (ग) गन्ना (घ) गमले

पंचम खंड - लेखन (गद्य/ पद्य) (2+2+1=5)

प्रश्न-1 हुदहुद को कहीं 'हजामिन' चिड़िया और कहीं 'पदुबया' के नाम से पुकारते हैं। क्यों ?

उत्तर- ____

____

____

प्रश्न-2 'धनी' बिन्नी की देखभाल कैसे करता था ?

उत्तर- ____

____

____

प्रश्न-3 गांधीजी एवं अन्य लोग आश्रम में किसके लिए योजना बना रहे थे?

उत्तर- ____

____

छठा खंड - रचनात्मक लेखन (5×1=5)

आप ऑनलाइन क्लास या ऑफलाइन क्लास दोनों में से किस तरह से पढ़ना चाहोगे और क्यों ? अपने विचार लगभग 40 शब्दों में लिखिए।

____

____

____

____

____

सातवां खंड - सुलेख (5×1=5)

नीचे लिखे गद्यांश को शुद्धता एवं सुंदरता के साथ अपने हस्तलेख में लिखिए-

पुस्तकें हमारे जीवन के आधार होती हैं और हर व्यक्ति को जीवन के किसी न किसी मोड़ पर इन को साथी अवश्य बनाना पड़ता है। पुस्तकें हमारी सच्ची दोस्त होती हैं जिनके रहते जीवन को एक सही दिशा मिलती है। कभी-कभी तो ये हमारी पक्की दोस्त भी होती हैं, जो हमे वर्णमाला से लेकर जीवन के कठिन सवालों तक के जवाब बड़े आसानी से दे देती है।